राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ. 7(01) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(स्कूल शिक्षा)/2018–2019/73 दिनांक : 14.09.2020

प्राध्यापक–(स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के 14 विषयों हेतु प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 24.08.2020 जारी कर दिनांक 31.08.2020 से 15.09.2020 तक राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (टी.टी. कॉलेज) जयपुर रोड़, अजमेर में काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त काउंसलिंग कार्यक्रम में किसी भी कारण से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा दिनांक 16.09.2020 से 18.09.2020 तक समय प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक पूर्व निर्धारित काउंसलिंग स्थल पर काउंसलिंग में उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसलिंग के संबंध में पूर्व में जारी आवश्यक दिशा–निर्देशो के तहत् वांछित दस्तावेज आदि के साथ उक्त उल्लेखित दिवसों में काउंसलिंग हेतु उपस्थित हों। इस हेतु पूर्व में ऑनलाईन जारी काउंसलिंग–पत्र ही मान्य होगा अलग से कोई पत्र पत्र जारी नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु आयोग की पूर्व प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 24.08.2020 का आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन करें।

काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थी निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होवें। काउंसलिंग में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को काउंसलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। काउंसलिंग मे अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नहीं होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव